क्रिप्टो विनिमय का नवीनतम तरीका

drishtiias.com/hindi/printpdf/new-way-to-buy-or-sell-crypto-in-rupees-but-trade-at-your-own-risk

संदर्भ

6 जुलाई, 2018 को भारत में क्रिप्टो मुद्रा विनिमय पर बैंकिंग लेन-देन का दरवाजा बंद हो गया। केंद्रीय बैंक ने क्रिप्टो एक्सचेंजों के साथ लेन-देन को कम करने के लिये तीन महीने का जो समय सभी बैंकों और भारतीय रिज़र्व बैंक -विनियमित इकाइयों को दिया था वह समाप्त हो गया। इसके साथ ही भारत में क्रिप्टो बाज़ार में कमी आई और क्रिप्टो मुद्रा समर्थकों को निवेश के बाद निराश होना पड़ा।

जारी है क्रिप्टो विनिमय

- बैंक के माध्यम से रुपए का आदान-प्रदान करने की सुविधा बंद करने के बावजूद भी निवेशकों द्वारा क्रिप्टो मुद्राओं में व्यापार करना जारी है।
- वर्तमान में दो क्रिप्टो एक्सचेंज-वज़ीरएक्स (WazirX) और कोइनेक्स (Koinex) ने क्रिप्टो-रुपया व्यापार को सक्षम बनाने के लिये एक और तरीके की तलाश की है।
- उल्लेखनीय है कि सरकार और भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा निराशापूर्ण कोशिशों के बावजूद क्रिप्टो मुद्राएँ अभी तक अवैध नहीं हैं।
- वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के सचिव सुभाष चंद्र गर्ग की अध्यक्षता वाली एक उच्च स्तरीय समिति द्वारा जल्द ही क्रिप्टो नियमों के लिये कुछ सिफारिशों को पूरा किये जाने की उम्मीद है।

क्या है क्रिप्टो-रुपया व्यापार की नई प्रक्रिया?

- WazirX और Koinex ने भारतीय रुपए का उपयोग करके क्रिप्टो मुद्रा में प्रवेश और निकास की सुविधा के लिये पीयर-टू-पीयर (peer-to-peer-P2P) प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है।
- यदि आप क्रिप्टो परिवेश में एक नए प्रवेशकर्त्ता हैं तो आप एक विक्रेता को भारतीय रुपया हस्तांतरित करके सीधे क्रिप्टो संपत्ति खरीद सकते हैं। इसी तरह आप भारतीय रुपए के बदले इस क्रिप्टो संपत्ति को बेचकर इस परिवेश से बाहर भी निकल सकते हैं।
- अब तक क्रिप्टो खरीदने के लिये खरीददार को क्रिप्टो विनिमय केंद्र का सहारा लेना पड़ता था। लेकिन अब आप यह पैसा दूसरे व्यक्ति को स्थानांतरित कर देंगे और उस व्यक्ति का क्रिप्टो आपको एक्सचेंज द्वारा स्थानांतरित कर दिया जाएगा।
- एक्सचेंजों का दावा है कि खरीदार या विक्रेता को दूसरी पार्टी के साथ बातचीत करने की आवश्यकता नहीं होगी। क्रिप्टो विनिमय केंद्र केवल स्थानांतरण के लिये आवश्यक जानकारी साझा करने की सुविधा प्रदान करेगा।

- हालाँकि खरीदार को संपत्ति केवल तभी जारी की जाएगी जब वह एक्सचेंज को सूचित करेगा कि आवश्यक राशि उसके बैंक खाते से स्थानांतरित कर दी गई है और विक्रेता ने स्थानांतरित राशि की प्राप्ति को स्वीकार कर लिया है।

जोखिम और विवादों का समाधान

- भले ही यह प्रक्रिया जोखिम से भरी हुई है लेकिन एक्सचेंजों का दावा है कि उन्होंने इसे विश्वसनीय और आसान बना दिया है।
- यह संभव है कि विक्रेता खरीदार द्वारा हस्तांतरित की गई राशि की प्राप्ति को स्वीकार न करे।
- अगर विक्रेता कहता है कि उसे राशि नहीं मिली है तो ऐसे मामलों को हल करने के लिये एक विवाद समाधान तंत्र स्थापित किया गया है जहाँ एक टीम इस मुद्दे को हल करने के लिये दोनों पक्षों को सुनती है।
- एक महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि दोनों एक्सचेंज केवल KYC-सत्यापित उपयोगकर्त्ताओं के बीच लेन-देन की इज़ाज़त दे रहे हैं, जिसमें आधार और स्थायी खाता संख्या (PAN) शामिल है। अतः डिफ़ॉल्ट के मामले में विनिमय केंद्रों द्वारा व्यापार में शामिल पार्टियों की पहचान की जा सकती है।
- इसके अलावा, इसमें एक रेटिंग प्रक्रिया भी है जो घटती और बढ़ती रहती है। उपयोगकर्त्ता किसी अन्य पार्टी के साथ व्यापार में प्रवेश करने से पहले देख पाएगा कि क्या दूसरी पार्टी अतीत में डिफ़ॉल्ट मामलों में शामिल रही है या वह कितने ट्रेडों से मेल खाती है या उपयोगकर्त्ता की औसत रेटिंग कितनी है।
- इस प्रकार व्यापार में प्रवेश करने से पहले आप यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि जिस व्यक्ति के साथ आप व्यापार कर रहे हैं वह आपको धोखा नहीं देगा।

क्या यह प्रक्रिया बहुत अच्छी है?

- P2P विकल्प को एक बहुत ही अच्छा समाधान नहीं माना जा सकता है। अधिकांश बड़े और जाने-माने विनिमय केंद्रों ने अब तक P2P मॉडल को नहीं अपनाया है। इसका कारण यह हो सकता है कि P2P लेन-देन एक संदेहास्पद प्रक्रिया हो सकती है। लेकिन यह संभव है कि वे निकट भविष्य में P2P समाधान के साथ भी आ सकें।
- हालाँकि P2P प्लेटफॉर्म उन लोगों की समस्याओं का समाधान कर सकता है जो क्रिप्टो की दुनिया से बाहर निकलना चाहते हैं या उसमें प्रवेश करना चाहते हैं लेकिन उपयोगकर्त्ताओं को सतर्कता से चलना होगा क्योंकि इस प्रक्रिया में अभी भी परीक्षण जारी है।
- यह उन लोगों के लिये एक अच्छा विकल्प प्रतीत हो सकता है जो अपने होल्डिंग से बाहर निकलना चाहते हैं, लेकिन इंटरनेट पर एक अजनबी को रुपए स्थानांतरित करने से पहले खरीदारों को अतिरिक्त सतर्क रहना चाहिये।

निष्कर्ष

हालाँकि क्रिप्टो विनिमय का नया तरीका अभिनव है और यह क्रिप्टो बाज़ार को बढ़ावा दे सकता है लेकिन यह प्रक्रिया जोखिम से भरी हुई है।